आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 22.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग दुनिया के कई देशों में दैनिक जीवन का अंग बन गया है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कल कई स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- सरकार ने काबुली चना सहित तुअर और चना दालों के भंडारण की सीमा निर्धारित की।
- आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांड में से एक माना गया है।
- जलयान सिंधु आज सुबह आठ बजे मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। योग की ये प्रेरणा हमारे सकारात्मक प्रयासों को ऊर्जा देती रहेगी। वे कल दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योग की यात्रा अनवरत जारी है और दुनिया के कई देशों में योग दैनिक जीवन का अंग बन गया है। विश्व के कई बड़ें संस्थानों में योग पर शोध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग से मिली शक्ति को हम यहां महसूस कर रहे हैं।

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कल कई स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल सभागार में रखा गया। उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के जोशी के नेतृत्व में सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव केशव चन्द्र के अलावा अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। विशेष सचिव स्वास्थ्य और राष्ट्रीय आयुष मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अनिल अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम समाप्त हुआ।

डिगलीपुर, कार निकोबार, कैम्पबेल बे और भारत के दक्षिणी छोर इंदिरा प्वाइंट सहित करीब पचास स्थानों पर कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आम लोगों, जन–प्रतिनिधियों के अलावा सैन्य अधिकारियों और कर्मचारियों तथा स्कूली बच्चों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिए। छोलदारी के सामुदायिक हॉल में मोटे अनाज पर जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आंगनवाड़ी और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मोटे अनाज के लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

अंडमान निकोबार पुलिस, वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अंडमान निकोबार कमान, क्यारी, दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र, बिल्लीग्राउंड सामुदायिक हॉल, प्रातरापुर पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, जिला विधि सेवा प्राधिकरण  और द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के अंडमान निकोबार राज्य केन्द्र में भी कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

<><><><><><><>

सरकार ने काबुली चना सहित तुअर और चना दालों के भंडारण पर सीमा निर्धारित कर दी है। यह कदम जमाखोरी और बेईमानी को रोकने के लिये उठाया गया है इसके साथ ही इस कदम से उपभोक्ताओं को सुलभता से दालें उपलब्ध हो सकेंगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। यह आदेश थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, प्रमुख खुदरा विक्रेताओं, मिल मालिकों और आयातकों पर लागू है। थोक विक्रेताओं के लिए भंडारण सीमा दो सौ मीट्रिक टन, खुदरा विक्रेताओं और खुदरा दुकानों के लिए पांच मीट्रिक टन और प्रमुख खुदरा विक्रेताओं के लिए दो सौ मीट्रिक टन है। यह सीमा तीस सितंबर दो हजार चौबीस तक लागू रहेगी।

<><><><><><><>

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांड में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। डिजिटल न्यूज़ रिपोर्ट दो हजार चौबीस के हिस्से के रूप में जारी, इस वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आकाशवाणी समाचार विश्वसनीयता के पैमाने पर देश के अन्य प्रमुख मीडिया संस्थानों की तुलना में काफी आगे है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी की इस वर्ष की काउंसलिंग प्रक्रिया रोकने से इनकार कर दिया है और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नोटिस भेजा है। न्यायालय ने नई याचिकाओं को मौजूदा याचिकाओं के साथ जोड़ दिया और सुनवाई की तारीख आठ जुलाई तय की है। यह फैसला इस मामले पर परीक्षा को लेकर चल रही कानूनी चुनौतियों के बीच आया है।

<><><><><><><>

जलयान सिंधु आज सुबह आठ बजे मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता जाएगा।

इस बीच, एम वी स्वराज द्वीप नौ जुलाई को पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई और बाईस जुलाई को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा। अग्रिम टिकटों की बुकिंग चेन्नई के लिए पच्चीस जून और विशाखापत्तनम यात्रा के लिए छब्बीस जून को की जा सकती है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में रूक–रूककर वर्षा हो रही है। आज से सत्ताईस जून तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से रहने की आशंका है। खराब मौसम और समुद्र के अशांत होने के कारण मछुआरों को कल से पच्चीस जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आपातकालीन सेवा के लिए एक शून्य सात शून्य और एक शून्य सात सात पर कॉल किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के भागों मे आज बिजली की कटौती की जाएगी। मुख्य ट्रांसमिशन लाईनों के रखरखाव के लिए यह कटौती सुबह सात बजे से दिन में दो बजे तक होगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम और सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं तथा उद्योग विभाग और अन्य विभागों की ओर से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए ननकौड़ी द्वीपसमूह में जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कमोर्टा, कच्छाल, तरेसा, चौरा जैसे क्षेत्रों में आदिवासी परिषद, एन वाई के, बैंक और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेरोज़गार युवाओं को स्वरोज़गार गतिविधियों में शामिल करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है और मौके पर ही चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उसके लाभ के बारे में जानकारी देना है, ताकि वे उन योजनाओं का लाभ उठा सके। ननकौड़ी द्वीप के इच्छुक बेरोज़गार युवा, जो निर्माण, सेवा और व्यापार क्षेत्र में वित्तीय सहायता प्राप्त कर स्वरोज़गार स्थापित करना चाहते हैं, उनसे फोटो, स्थानीय प्रमाणपत्र, आदिवासी प्रमाणपत्र और शैक्षणिक प्रमाणपत्रों जैसी जरूरी दस्तावेजों के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लेने को कहा गया है।

<><><><><><><>